No. of Printed Pages/Questions: 6/15

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Annual Examination - (2025 – 2026)

**Class: VI** **MM: 80**

**Subject: HINDI** **Time: 3Hr.**

---

सामान्य निर्देश–

(1) इस प्रश्न–पत्र में चार खंड हैं– खंड 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'। खंड 'क' में अपठित बोध पर आधारित बहुविकल्पीय व लघूत्तरात्मक और खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण संबंधीलघूत्तरात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(2) खंड 'ग' में पाठ्य–पुस्तक व पूरक पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्न तथा खंड 'घ' में रचनात्मक लेखन संबंधी दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रश्न–पत्र के चारों खंडों में प्रश्नों की संख्या 15 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(3) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

---

### खंड 'क' अपठित बोध (14 अंक)

**1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1X3+2X2=7**

भारत में गुरु–शिष्य संबंध का वह भव्य रूप आज साधुओं, पहलवानों और संगीतकारों में ही थोड़ा–बहुत ही सही, पाया जाता है। भगवान रामकृष्ण बरसों योग्य शिष्य को पाने के लिए प्रार्थना करते रहे। उनके जैसे व्यक्ति को भी उत्तम शिष्य के लिए रो–रोकर प्रार्थना करनी पड़ी थी। इसी से समझा जा सकता है कि एक गुरु के लिए उत्तम शिष्य कितना महँगा और महत्त्वपूर्ण है। संतानहीन रहना उन्हें दुख नहीं देता पर बगैर शिष्य के रहने के लिए वे एकदम तैयार नहीं होते। इस संबंध में भगवान ईसा का एक कथन सदा स्मरणीय है। उन्होंने कहा था– "मेरे अनुयायी लोग मुझसे कहीं अधिक महान हैं। और उनकी जूतियाँ होने की योग्यता भी मुझमें नहीं है। यही बात है, गाँधी जी बनने की क्षमता जिनमें हैं, उन्हें गाँधी जी अच्छे लगते हैं और वे ही उनके पीछे चलते भी हैं। विवेकानंद की रचना सिर्फ उन्हें पसंद आएगी जिनमें विवेकानंद बनने की अद्भुत शक्ति निहित है।"

**(I) भारत में गुरु–शिष्य–संबंध आजकल किन लोगों में पाया जाता है ?**

अ साधुओं और संगीतकारों में  **ख** संगीतकारों और पहलवानों में

स साधुओं और पहलवानों में  द साधुओं, संगीतकारों और पहलवानों में

**(II) कौन लोग विवेकानंद की रचना को पसंद करते हैं ?**

अ जो विवेकानंद के शिष्य हैं  **ख** जो विवेकानंद के मत को मानने वाले हैं

स जो स्वयं विवेकानंद के गुणों से युक्त हैं  द जिनमें विवेकानंद जैसा बनने की क्षमता है

**(III)** कथन **(A)** और कारण **(R)** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–

**कथन (A) : ईसा मसीह अपने शिष्यों को अपने से महान मानते है।**

**कारण (R) : उनमें ईसा मसीह से महान बनने की संभावना थी।**

(अ) कथन (A) गलत है,किन्तु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(iv)** विवेकानंद की रचना किस तरह के लोगों को पसंद आएगी ?

**(v)** भगवान रामकृष्ण को योग्य शिष्य पाने के लिए क्या करते रहे। ?

2. **निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1X3+2X2=7**

मैं बचपन को भुला रही थी,
बोल उठी बिटिया मेरी।
नंदन–वन–सी महक उठी वह,
छोटी–सी कुटिया मेरी ।।

पाया बचपन मैंने फिर से,
बचपन बेटी बन आया।
उसकी मंजुल मूर्ति देखकर,
मुझमें नवजीवन आया।।

**(I)** **उपर्युक्त पद्यांश के लिए उचित शीर्षक चुनिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | छोटी–सी कुटिया | ब | मेरी बच्ची |
| स | मेरा बचपन | द | नवजीवन |

**(II)** **माँ किसे भुला रही थी ?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | अपने बचपन को | ब | अपनी बेटी के बचपन को |
| स | बच्चों के बचपन को | द | किसी घटना को |

**(III) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–**

**कथन (A):** कवयित्री ने अपना बचपन पिता के रूप में पाया।

**कारण (R):** जिससे उनकी कुटिया नंदन–वन–सी महक उठी।

(अ) कथन (A) कारण (R) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(ब) कथन (A) सही है और कारण (R) की सही व्याख्या करता है।

(स) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(द) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है।

**(IV)** कवयित्री को अपना बचपन किस रूप में वापस मिला ?

**(V)** अपनी बेटी के रूप मे अपने बचपन को पाकर कवियत्री को कैसा अहसास हुआ ?

## खंड 'ख' व्यावहारिक व्याकरण (16 अंक)

3 **निर्देशानुसार पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **1X4=4**

**(I)** 'बाहर कोई खड़ा है।' (रेखांकित शब्द में सर्वनाम भेद है)

**(II)**'मोहन तुम्हें अपना काम स्वयं करना चाहिए।'( रेखांकित शब्द में सर्वनाम भेद है)

**(III)** संबंधवाचक सर्वनाम का प्रयोग करते हुए एक उदाहरण लिखिए।

**(IV)** शिक्षक छात्रों को पढ़ा रहे हैं । (काल पहचानकर लिखिए)

**(V)** बारिश होगी तो फसल अच्छी होगी। (काल पहचानकर लिखिए)

4 **निर्देशानुसार पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **1X4=4**

**(I)** द्विगु समास के दो उदाहरण लिखिए।

**(II)** किस समास में पूर्वपद प्रधान होता है ?

**(III)** नीला है कंठ जिसका (समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए )

**(IV)** गुणवाचक विशेषण का प्रयोग करते हुए एक वाक्य बनाइए।

**(V)** तुम्हारी कमीज दो मीटर कपड़े से बन जाएगी।'( रेखांकित शब्द में विशेषण का भेद है)

**5.निर्देशानुसार पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1X4=4**

**(I)** कौन–सा कारक क्रिया को करनेवाले के बारे में बताता है।

**(II)** बच्चे बस से स्कूल चले गए।'(रेखांकित शब्द में कारक का भेद है)

**(III)** संबंध कारक की विभक्ति लिखिए।

(IV) तोता टहनी पर बैठा है।'(रेखांकित शब्द में कारक का भेद है)

**(V)** संप्रदान कारक की विभक्ति लिखिए।

6. निर्देशानुसार पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **1X4=4**

(I) अब तुम परसों आना। '(रेखांकित शब्द में क्रियाविशेषण का भेद है)

(II) बाहर बच्चे खेल रहे हैं। '(रेखांकित शब्द में क्रियाविशेषण का भेद है)

(III)परिश्रम करो------सफलता मिल सके।(समुच्चयबोधक क्रियाविशेषण का प्रयोग कर वाक्य पूरा कीजिए)

(IV) हवा के --------जीवन संभव नहीं।(संबंधवाचक क्रियाविशेषण का प्रयोग कर वाक्य पूरा कीजिए)

(V) विस्मयादिबोधक का प्रयोग करते हुए एक वाक्य बनाइए।

## खंड–'ग' पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक (30 अंक )

7. पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **1X5=5**

दूसरे दिन देश के प्रसिद्ध पत्रों में यह विज्ञापन निकला कि देवगढ़ के लिए एक सुयोग्य दीवान की ज़रूरत है। जो सज्जन अपने को इस पद के योग्य समझें, वे वर्तमान सरकार सुजान की सेवा में उपस्थित हों। यह ज़रूरी नहीं है कि वे ग्रेजुएट हों, मगर वह हष्ट–पुष्ट होना आवश्यक है, मंदाग्नि के मरीज को यहाँ तक कष्ट उठाने की कोई ज़रूरत नहीं। एक महीने तक उम्मीदवारो के रहन–सहन, आचार–विचार की देखभाल की जाएगी। विद्या का कम, परंतु कर्त्तव्य का अधिक विचार जायेगा। जो महाशय इस परीक्षा में पूरे उतरेंगे, वे इस उच्च पद पर सुशोभित होंगे।

**(I) देवगढ़ में किस बात के लिए विज्ञापन निकाला गया था ?**

(अ) अध्यापक के लिए (ब) सुयोग्य दीवान के लिए

(स) सरपंच के लिए (द) इनमें से कोई नहीं

**(II) उम्मीदवारों की किस बात पर विचार किया जाना था ?**

(अ) विद्या का कम, परंतु कर्त्तव्य का (ब) कर्त्तव्य का कम, परंतु विद्या का

(स) अनुशासन का कम, परंतु कर्त्तव्य का (द) विद्या का कम, सदाचार कर्त्तव्य का

**(III) उम्मीदवारों के लिए क्या होना आवश्यक था ?**

(अ) ग्रेजुएट (ब) गुणी

(स) बुद्धिमान (द) हृष्ट–पुष्ट

**(IV) उम्मीदवार का चयन किसे करना था?**

(अ) राजा को (ब) पूर्व दीवान को

(स) अधिकारी को (द) प्रजा को

**(V) 'मंदाग्नि' का अर्थ है ?**

(अ) मंद अग्नि (ब) मंद बुद्धि

(स) कमजोर व्यक्ति (द) नशीला

8 निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए। **2X4=8**

**(I)** बिहू एक कृषि आधारित नृत्य है, कैसे ?(सत्रिया और बिहू नृत्य' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

**(II)**फसलों से जुड़े चार त्योहारों के नाम लिखिए ?(सत्रिया और बिहू नृत्य' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

**(III)** युवक के इनाम माँगने पर किसान ने क्या उत्तर दिया ?(परीक्षा' पाठ के आधार उत्तर लिखिए।

**(IV)** झुंड़ से छूटकर हिरनो ने क्या किया ?(हिंद महासागर' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

**(V)** मॉरिशस के हिंदू शिवरात्रि पर कैसे वस्त्र पहनते है ? (हिंद महासागर' पाठ के आधार उत्तर लिखिए)

9. पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **1X5=5**

**मैया मैं नहिं माखन खायो।**
**भोर भयो गैयन के पाछे, मधुबन मोहि पठायों।**
**चार पहर बंसीवट भटक्यो,साँझ परे घर आयो।।**
**मैं बालक बहियन को छोटो, छींको केहि बिधि पायो।**
**ग्वाल–बाल सब बैर परे हैं, बरबस मुख लपटायो।।**

**(I) इस कविता के कवि कौन हैं?**

(अ) तुलसीदास (ब) सूरदास
(स) मीरा बाई (द) रसखान

**(II) माखन न खाने की बात कौन किससे कहते हैं?**

(अ) श्रीकृष्ण अपनी माता यशोदा से (ब) श्रीकृष्ण नंद बाबा से
(स) श्रीकृष्ण ग्वाल–बालों से यशोदा से (द) श्रीकृष्ण गापियों से

**(III) श्रीकृष्ण माता यशोदा से अपनी सफ़ाई किस प्रकार देते है ?**

(अ) मेरे छोटे–छोटे हाथ छीकें तक नहीं पहुँचते। (ब) गोपियों ने लगा दिया
(स) ग्वाल–बाल मेरे मुख पर माखन लगा देते है। (द) 'क' और 'ख'

**(IV) कृष्ण कितने पहर गाएँ चराते थे ?**

(अ) एक पहर (ब) दो पहर
(स) तीन पहर (द) चार पहर

**(V) 'भोर' का शब्दार्थ है?**

(अ) प्रदोषकाल (ब) साँझ
(स) सायंकाल (द) सवेरा

**10 निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए। 2X3=6**

**(I)** 'जलाते चलो' कविता आपको कैसे प्रेरित करती है ?

**(II)** 'जलाते चलो' कविता में कवि ने अंधकार मिटाने के लिए क्या सुझाव दिया है ?

**(III)** चेतक कौन था ?उसे कोड़े क्यों नहीं लगाने पड़ते थे ?('चेतक की वीरता' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए)

**(IV)**'चेतक की वीरता'पाठ से आपको क्या सीख मिलती है ?

**11. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए 3X2=6**

**(I)** सुरसा कौन थी और वह क्या चाहती थी ? हनुमान किस प्रकार उसे चकमा दे कर निकल आए ?

**(II)** लंका नगरी का वर्णन कीजिए।

**(III)** सीता जी किस–किस को अपनी सूचना रामजी तक पहुँचाने को कह रही थी ?

**खंड–'घ' रचनात्मक लेखन (20 अंक )**

**12.किसी एक विषय पर दिए गए संकेत–बिन्दुओं के आधार पर अनुच्छेद लिखिए (शब्द सीमा 80 –100)**

**(क) रंगों का त्योहार होली** **6X1=6**

संकेत बिंदु– 'कब मनाई जाती है ' 'पौराणिक कथा' 'कैसे मनाई जाती है' 'महत्व'

**(ख) प्रदूषण की समस्या**

संकेत बिंदु– ' प्रदूषण अर्थ' ' प्रदूषण के प्रकार ' प्रदूषण निवारण हेतु प्रयास' '

**(ग) जीवन में खेलकूद का महत्त्व**

संकेत बिंदु–'खेल क्या होते है''भारत के विशेष खेल' 'खेलों के प्रकार' खेल से स्वास्थ्य को होने वाला लाभ

13.प्रधानाचार्य को पत्र लिखकर सूचित कीजिए कि आपकी कक्षा का फर्नीचर टूट गया है । **5X1=5**

**अथवा**

प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति (आर्थिक सहायता) प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए।

14 दो मित्रों के बीच क्रिकेट मैच के बारे में हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। **5X1=5**

**अथवा**

परीक्षा की तैयारी को लेकर शिक्षिका और छात्रा के हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

15 'ग्राहम' मोबाइल' कंपनी के लिए आकर्षक एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **4X1=4**

**अथवा**

'साहिल कूलर' की अधिक बिकी हेतु एक आकर्षक तैयार कीजिए।

––000––